भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

26.06.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 712 का उत्तर

रतलाम-डूंगरपुर-बांसवाड़ा रेल परियोजना

712. श्री कनकमल कटाराः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2014-15 में रतलाम-डूंगरपुर वाया बांसवाड़ा रेल परियोजना शुरू की थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा इस परियोजना को समाप्त कर दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है और इस पर अब तक कुल कितना व्यय किया गया है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): बांसवाड़ा के रास्ते रतलाम-डूंगरपुर (188.85 किमी) नई लाइन परियोजना 2011-12 में स्वीकृत की गई थी। इस परियोजना की नवीनतम प्रत्याशित लागत 2562 करोड़ रु. है और 31.03.2019 तक इस परियोजना पर 184.21 करोड़ रु. का व्यय किया गया है।

परियोजना राजस्थान सरकार द्वारा अंतिम निर्माण लागत पर 50% की हिस्सेदारी और निशुल्क भूमि मुहैया कराने के प्रावधानों के साथ स्वीकृत की गई थी।

चूंकि राजस्थान सरकार ने न ही भूमि उपलब्ध कराई है और न ही रेलवे को अपनी हिस्सेदारी लागत की धनराशि जमा कराई है इसलिए रेलवे ने इस समय इस परियोजना को उपरोक्त कारणों से स्थगित कर दिया है।

******

sk